मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-84
13/02/2019

पटना मेट्रो योजना की मंजूरी पर मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार को दिया धन्यवाद

पटना, 13 फरवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी को पटना मेट्रो योजना स्वीकृत किये जाने पर धन्यवाद दिया एवं हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की। आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक में पटना मेट्रो योजना को मंजूरी दी गयी है। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने केन्द्र सरकार को धन्यवाद देते हुये कहा कि इससे बिहार के विकास को नया आयाम मिलेगा।

पटना मेट्रो योजना का शिलान्यास 17 फरवरी को निर्धारित किया गया है।

******